**Series : ZXW5Y**

**SET~1**

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code **65/5/1**

रोल नं.
Roll No.

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

# गणित
# MATHEMATICS

*निर्धारित समय : **3** घण्टे*
*Time allowed : **3** hours*

*अधिकतम अंक : **80***
*Maximum Marks : **80***

| नोट | NOTE |
|---|---|
| (I) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **23** हैं। | (I) Please check that this question paper contains **23** printed pages. |
| (II) प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें। | (II) Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate. |
| (III) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **38** प्रश्न हैं। | (III) Please check that this question paper contains **38** questions. |
| (IV) **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में यथा स्थान पर प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।** | (IV) **Please write down the Serial Number of the question in the answer-book at the given place before attempting it.** |
| (V) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे। | (V) 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the candidates will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period. # |

**सामान्य निर्देश :**

*निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख़्ती से पालन कीजिए :*

*(i)* इस प्रश्न-पत्र में **38** प्रश्न हैं। **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं।

*(ii)* यह प्रश्न-पत्र **पाँच** खण्डों में विभाजित है – **क, ख, ग, घ** एवं **ङ**।

*(iii)* **खण्ड क** में प्रश्न संख्या **1** से **18** तक बहुविकल्पीय (MCQ) तथा प्रश्न संख्या **19** एवं **20** अभिकथन एवं तर्क आधारित **1** अंक के प्रश्न हैं।

*(iv)* **खण्ड ख** में प्रश्न संख्या **21** से **25** तक अति लघु-उत्तरीय (VSA) प्रकार के **2** अंकों के प्रश्न हैं।

*(v)* **खण्ड ग** में प्रश्न संख्या **26** से **31** तक लघु-उत्तरीय (SA) प्रकार के **3** अंकों के प्रश्न हैं।

*(vi)* **खण्ड घ** में प्रश्न संख्या **32** से **35** तक दीर्घ-उत्तरीय (LA) प्रकार के **5** अंकों के प्रश्न हैं।

*(vii)* **खण्ड ङ** में प्रश्न संख्या **36** से **38** तक प्रकरण अध्ययन आधारित **4** अंकों के प्रश्न हैं।

*(viii)* प्रश्न-पत्र में समग्र विकल्प नहीं दिया गया है। यद्यपि, खण्ड ख के 2 प्रश्नों में, खण्ड ग के 3 प्रश्नों में, खण्ड घ के 2 प्रश्नों में तथा खण्ड ङ के 2 प्रश्नों में आंतरिक विकल्प का प्रावधान दिया गया है।

*(ix)* कैल्कुलेटर का उपयोग **वर्जित** है।

## खण्ड क

*इस खण्ड में बहुविकल्पीय प्रश्न (MCQ) हैं, जिनमें प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है।*

**1.** यदि $A = \begin{bmatrix} 5 & 0 & 0 \\ 0 & 5 & 0 \\ 0 & 0 & 5 \end{bmatrix}$ है, तो $A^3$ है :

(A) $3\begin{bmatrix} 5 & 0 & 0 \\ 0 & 5 & 0 \\ 0 & 0 & 5 \end{bmatrix}$

(B) $\begin{bmatrix} 125 & 0 & 0 \\ 0 & 125 & 0 \\ 0 & 0 & 125 \end{bmatrix}$

(C) $\begin{bmatrix} 15 & 0 & 0 \\ 0 & 15 & 0 \\ 0 & 0 & 15 \end{bmatrix}$

(D) $\begin{bmatrix} 5^3 & 0 & 0 \\ 0 & 5 & 0 \\ 0 & 0 & 5 \end{bmatrix}$

**2.** यदि $P(A \cup B) = 0{\cdot}9$ तथा $P(A \cap B) = 0{\cdot}4$ है, तो $P(\overline{A}) + P(\overline{B})$ है :

(A) 0·3

(B) 1

(C) 1·3

(D) 0·7

## *General Instructions :*

*Read the following instructions very carefully and strictly follow them :*

*(i)* *This question paper contains **38** questions. **All** questions are **compulsory**.*

*(ii)* *This question paper is divided into **five** Sections – **A, B, C, D** and **E**.*

*(iii)* *In **Section A,** Questions no. **1** to **18** are multiple choice questions (MCQs) and questions number **19** and **20** are Assertion-Reason based questions of **1** mark each.*

*(iv)* *In **Section B,** Questions no. **21** to **25** are very short answer (VSA) type questions, carrying **2** marks each.*

*(v)* *In **Section C,** Questions no. **26** to **31** are short answer (SA) type questions, carrying **3** marks each.*

*(vi)* *In **Section D,** Questions no. **32** to **35** are long answer (LA) type questions carrying **5** marks each.*

*(vii)* *In **Section E,** Questions no. **36** to **38** are case study based questions carrying **4** marks each.*

*(viii)* *There is no overall choice. However, an internal choice has been provided in 2 questions in Section B, 3 questions in Section C, 2 questions in Section D and 2 questions in Section E.*

*(ix)* *Use of calculator is **not** allowed.*

## SECTION A

*This section comprises multiple choice questions (MCQs) of 1 mark each.*

**1.** If $A = \begin{bmatrix} 5 & 0 & 0 \\ 0 & 5 & 0 \\ 0 & 0 & 5 \end{bmatrix}$, then $A^3$ is :

(A) $3\begin{bmatrix} 5 & 0 & 0 \\ 0 & 5 & 0 \\ 0 & 0 & 5 \end{bmatrix}$

(B) $\begin{bmatrix} 125 & 0 & 0 \\ 0 & 125 & 0 \\ 0 & 0 & 125 \end{bmatrix}$

(C) $\begin{bmatrix} 15 & 0 & 0 \\ 0 & 15 & 0 \\ 0 & 0 & 15 \end{bmatrix}$

(D) $\begin{bmatrix} 5^3 & 0 & 0 \\ 0 & 5 & 0 \\ 0 & 0 & 5 \end{bmatrix}$

**2.** If $P(A \cup B) = 0{\cdot}9$ and $P(A \cap B) = 0{\cdot}4$, then $P(\overline{A}) + P(\overline{B})$ is :

(A) $0{\cdot}3$

(B) $1$

(C) $1{\cdot}3$

(D) $0{\cdot}7$

**3.** यदि $A = \begin{bmatrix} 1 & 2 & 3 \\ -4 & 3 & 7 \end{bmatrix}$ और $B = \begin{bmatrix} 4 & 3 \\ -1 & 2 \\ 0 & 5 \end{bmatrix}$ है, तो निम्नलिखित में से सही कथन है :

(A) केवल AB ही परिभाषित है।

(B) केवल BA ही परिभाषित है।

(C) AB और BA, दोनों ही परिभाषित हैं।

(D) AB और BA, दोनों ही परिभाषित नहीं हैं।

**4.** यदि $\begin{vmatrix} 2x & 5 \\ 12 & x \end{vmatrix} = \begin{vmatrix} 6 & -5 \\ 4 & 3 \end{vmatrix}$ है, तो x का मान है :

(A) 3 (B) 7

(C) ± 7 (D) ± 3

**5.** यदि $f(x) = \begin{cases} \dfrac{\sin^2 ax}{x^2}, & x \neq 0 \\ 1, & x = 0 \end{cases}$

$x = 0$ पर संतत है, तो a का मान है :

(A) 1 (B) –1

(C) ± 1 (D) 0

**6.** यदि $A = [a_{ij}]$ कोटि $3 \times 3$ का एक विकर्ण आव्यूह है जिसमें $a_{11} = 1$, $a_{22} = 5$ तथा $a_{33} = -2$ है, तो $|A|$ है :

(A) 0 (B) –10

(C) 10 (D) 1

**7.** $\cot^{-1}\left(-\dfrac{1}{\sqrt{3}}\right)$ का मुख्य मान है :

(A) $-\dfrac{\pi}{3}$ (B) $-\dfrac{2\pi}{3}$

(C) $\dfrac{\pi}{3}$ (D) $\dfrac{2\pi}{3}$

**8.** यदि $\begin{bmatrix} 4+x & x-1 \\ -2 & 3 \end{bmatrix}$ एक अव्युत्क्रमणीय आव्यूह है, तो x का मान है :

(A) 0 (B) 1

(C) – 2 (D) – 4

3. If $A = \begin{bmatrix} 1 & 2 & 3 \\ -4 & 3 & 7 \end{bmatrix}$ and $B = \begin{bmatrix} 4 & 3 \\ -1 & 2 \\ 0 & 5 \end{bmatrix}$, then the correct statement is :

(A) Only AB is defined.

(B) Only BA is defined.

(C) AB and BA, both are defined.

(D) AB and BA, both are not defined.

4. If $\begin{vmatrix} 2x & 5 \\ 12 & x \end{vmatrix} = \begin{vmatrix} 6 & -5 \\ 4 & 3 \end{vmatrix}$, then the value of x is :

(A) 3 (B) 7

(C) ± 7 (D) ± 3

5. If $f(x) = \begin{cases} \dfrac{\sin^2 ax}{x^2}, & x \neq 0 \\ 1, & x = 0 \end{cases}$

is continuous at x = 0, then the value of a is :

(A) 1 (B) –1

(C) ± 1 (D) 0

6. If $A = [a_{ij}]$ is a 3 × 3 diagonal matrix such that $a_{11} = 1$, $a_{22} = 5$ and $a_{33} = -2$, then $|A|$ is :

(A) 0 (B) –10

(C) 10 (D) 1

7. The principal value of $\cot^{-1}\left(-\frac{1}{\sqrt{3}}\right)$ is :

(A) $-\frac{\pi}{3}$ (B) $-\frac{2\pi}{3}$

(C) $\frac{\pi}{3}$ (D) $\frac{2\pi}{3}$

8. If $\begin{bmatrix} 4+x & x-1 \\ -2 & 3 \end{bmatrix}$ is a singular matrix, then the value of x is :

(A) 0 (B) 1

(C) – 2 (D) – 4

**9.** यदि $f(x) = \{[x], x \in R\}$ एक महत्तम पूर्णांक फलन है, तो निम्नलिखित में से सही कथन है :

(A) $x = 2$ पर f संतत है परंतु अवकलनीय नहीं है।

(B) $x = 2$ पर f न तो संतत है और न ही अवकलनीय है।

(C) $x = 2$ पर f संतत और अवकलनीय है।

(D) $x = 2$ पर f संतत नहीं है परंतु अवकलनीय है।

**10.** वक्र $y = -x^3 + 3x^2 + 8x - 20$ की प्रवणता जिस बिंदु पर अधिकतम है, वह है :

(A) $(1, -10)$ (B) $(1, 10)$

(C) $(10, 1)$ (D) $(-10, 1)$

**11.** $\int \sqrt{1+\sin x}\, dx$ बराबर है :

(A) $2\left(-\sin\frac{x}{2} + \cos\frac{x}{2}\right) + C$ (B) $2\left(\sin\frac{x}{2} - \cos\frac{x}{2}\right) + C$

(C) $-2\left(\sin\frac{x}{2} + \cos\frac{x}{2}\right) + C$ (D) $2\left(\sin\frac{x}{2} + \cos\frac{x}{2}\right) + C$

**12.** $\int_0^{\pi/2} \cos x . e^{\sin x}\, dx$ बराबर है :

(A) 0 (B) $1 - e$

(C) $e - 1$ (D) e

**13.** वक्र $y = x|x|$, x-अक्ष, $x = -2$ और $x = 2$ से घिरे क्षेत्र का क्षेत्रफल है :

(A) $\frac{8}{3}$ (B) $\frac{16}{3}$

(C) 0 (D) 8

**14.** अवकल समीकरण

$$\left(\frac{e^{-2\sqrt{x}}}{\sqrt{x}} - \frac{y}{\sqrt{x}}\right)\frac{dx}{dy} = 1$$

का समाकलन गुणक है :

(A) $e^{-1/\sqrt{x}}$ (B) $e^{2/\sqrt{x}}$

(C) $e^{2\sqrt{x}}$ (D) $e^{-2\sqrt{x}}$

9. If $f(x) = \{[x],\ x \in R\}$ is the greatest integer function, then the correct statement is :

(A) f is continuous but not differentiable at $x = 2$.

(B) f is neither continuous nor differentiable at $x = 2$.

(C) f is continuous as well as differentiable at $x = 2$.

(D) f is not continuous but differentiable at $x = 2$.

10. The slope of the curve $y = -x^3 + 3x^2 + 8x - 20$ is maximum at :

(A) $(1, -10)$ (B) $(1, 10)$

(C) $(10, 1)$ (D) $(-10, 1)$

11. $\int \sqrt{1+\sin x}\ dx$ is equal to :

(A) $2\left(-\sin\frac{x}{2} + \cos\frac{x}{2}\right) + C$ (B) $2\left(\sin\frac{x}{2} - \cos\frac{x}{2}\right) + C$

(C) $-2\left(\sin\frac{x}{2} + \cos\frac{x}{2}\right) + C$ (D) $2\left(\sin\frac{x}{2} + \cos\frac{x}{2}\right) + C$

12. $\int_0^{\pi/2} \cos x . e^{\sin x}\ dx$ is equal to :

(A) 0 (B) $1 - e$

(C) $e - 1$ (D) e

13. The area of the region enclosed between the curve $y = x|x|$, x-axis, $x = -2$ and $x = 2$ is :

(A) $\frac{8}{3}$ (B) $\frac{16}{3}$

(C) 0 (D) 8

14. The integrating factor of the differential equation

$$\left(\frac{e^{-2\sqrt{x}}}{\sqrt{x}} - \frac{y}{\sqrt{x}}\right)\frac{dx}{dy} = 1 \text{ is :}$$

(A) $e^{-1/\sqrt{x}}$ (B) $e^{2/\sqrt{x}}$

(C) $e^{2\sqrt{x}}$ (D) $e^{-2\sqrt{x}}$

15. अवकल समीकरण


$$\left[1+\left(\frac{dy}{dx}\right)^2\right]^3 = \frac{d^2y}{dx^2}$$

की कोटि और घात का योगफल है :

(A) 2 (B) $\frac{5}{2}$ (C) 3 (D) 4

16. एक रैखिक प्रोग्रामन समस्या (LPP) के लिए, दिया गया उद्देश्य फलन $Z = 3x + 2y$ निम्न व्यवरोधों के अंतर्गत है :

$x + 2y \le 10$
$3x + y \le 15$
$x, y \ge 0$




सही सुसंगत क्षेत्र है :

(A) ABC (B) AOEC
(C) CED (D) खुला अपरिबद्ध क्षेत्र BCD

17. मान लीजिए $\vec{a}$ एक स्थिति सदिश है जिसका शीर्ष बिंदु (2, – 3) है। यदि $\overrightarrow{AB} = \vec{a}$ है, जहाँ बिंदु A के निर्देशांक (– 4, 5) हैं, तो बिंदु B के निर्देशांक हैं :

(A) (– 2, – 2) (B) (2, – 2) (C) (– 2, 2) (D) (2, 2)

**15.** The sum of the order and degree of the differential equation

$$\left[1+\left(\frac{dy}{dx}\right)^2\right]^3 = \frac{d^2y}{dx^2} \text{ is :}$$


(A) 2 (B) $\frac{5}{2}$ (C) 3 (D) 4

**16.** For a Linear Programming Problem (LPP), the given objective function $Z = 3x + 2y$ is subject to constraints :

$x + 2y \leq 10$

$3x + y \leq 15$

$x, y \geq 0$




The correct feasible region is :

(A) ABC (B) AOEC

(C) CED (D) Open unbounded region BCD

**17.** Let $\vec{a}$ be a position vector whose tip is the point (2, – 3). If $\overrightarrow{AB} = \vec{a}$, where coordinates of A are (– 4, 5), then the coordinates of B are :

(A) (– 2, – 2) (B) (2, – 2) (C) (– 2, 2) (D) (2, 2)

18. यदि $(\vec{a} - \vec{b}) \cdot (\vec{a} + \vec{b}) = 512$ है और $|\vec{a}| = 3|\vec{b}|$ है, तो $|\vec{a}|$ और $|\vec{b}|$ के मान क्रमशः हैं :

(A) 48 और 16  (B) 3 और 1

(C) 24 और 8  (D) 6 और 2

*प्रश्न संख्या **19** और **20** अभिकथन एवं तर्क आधारित प्रश्न हैं । दो कथन दिए गए हैं, जिनमें एक को अभिकथन (A) तथा दूसरे को तर्क (R) द्वारा अंकित किया गया है । इन प्रश्नों के सही उत्तर नीचे दिए गए कोडों (A), (B), (C) और (D) में से चुनकर दीजिए ।*


(A) अभिकथन (A) और तर्क (R) दोनों सही हैं और तर्क (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या करता है ।

(B) अभिकथन (A) और तर्क (R) दोनों सही हैं, परन्तु तर्क (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** करता है ।

(C) अभिकथन (A) सही है, परन्तु तर्क (R) ग़लत है ।

(D) अभिकथन (A) ग़लत है, परन्तु तर्क (R) सही है ।

19. *अभिकथन (A) :* आलेख का छायांकित भाग दिए गए रैखिक प्रोग्रामन समस्या (LPP) का सुसंगत क्षेत्र निरूपित करता है ।




$Z = 50x + 70y$ का न्यूनतमीकरण

निम्न व्यवरोधों के अंतर्गत :

$2x + y \geq 8, \ x + 2y \geq 10, \ x, y \geq 0$

यहाँ Z का न्यूनतम मान B(2, 4) पर 380 है ।

*तर्क (R) :* $50x + 70y < 380$ द्वारा निरूपित क्षेत्र का कोई बिंदु सुसंगत क्षेत्र से साझा नहीं है ।

**18.** The respective values of $|\vec{a}|$ and $|\vec{b}|$, if given $(\vec{a} - \vec{b}) \cdot (\vec{a} + \vec{b}) = 512$ and $|\vec{a}| = 3|\vec{b}|$, are :

(A) 48 and 16 (B) 3 and 1

(C) 24 and 8 (D) 6 and 2

*Questions number **19** and **20** are Assertion and Reason based questions. Two statements are given, one labelled Assertion (A) and the other labelled Reason (R). Select the correct answer from the codes (A), (B), (C) and (D) as given below.*


(A) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of the Assertion (A).

(B) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, but Reason (R) is ***not*** the correct explanation of the Assertion (A).

(C) Assertion (A) is true, but Reason (R) is false.

(D) Assertion (A) is false, but Reason (R) is true.

**19.** *Assertion (A) :* The shaded portion of the graph represents the feasible region for the given Linear Programming Problem (LPP).




Min Z = 50x + 70y

subject to constraints

$2x + y \geq 8, \ x + 2y \geq 10, \ x, y \geq 0$

Z = 50x + 70y has a minimum value = 380 at B(2, 4).

*Reason (R) :* The region representing 50x + 70y < 380 does not have any point common with the feasible region.

20. *अभिकथन (A) :* मान $A = \{x \in R : -1 \leq x \leq 1\}$. यदि $f : A \to A$, $f(x) = x^2$ द्वारा परिभाषित है, तो f आच्छादक फलन नहीं है।

*तर्क (R) :* यदि $y = -1 \in A$ है, तो $x = \pm \sqrt{-1} \notin A$.

**खण्ड ख**

*इस खण्ड में 5 अति लघु-उत्तरीय (VSA) प्रकार के प्रश्न हैं, जिनमें प्रत्येक के 2 अंक हैं।*

21. फलन $f(x) = \cos^{-1}(x^2 - 4)$ का प्रांत ज्ञात कीजिए।

22. एक गुब्बारे (गोलाकार) में हवा भरने पर, इसका पृष्ठीय क्षेत्रफल 5 $mm^2/s$ की दर से बढ़ता है। जब गुब्बारे की त्रिज्या 8 mm है, तब ज्ञात कीजिए कि इस गुब्बारे का आयतन किस दर से बढ़ रहा है।

23. (क) x के सापेक्ष, $\frac{\sin x}{\sqrt{\cos x}}$ का अवकलन कीजिए।

**अथवा**

(ख) यदि $y = 5 \cos x - 3 \sin x$ है, तो सिद्ध कीजिए कि $\frac{d^2y}{dx^2} + y = 0$ है।

24. (क) एक सदिश ज्ञात कीजिए जिसका परिमाण 5 है, तथा जो दोनों सदिशों $3\hat{i} - 2\hat{j} + \hat{k}$ और $4\hat{i} + 3\hat{j} - 2\hat{k}$ के लंबवत है।

**अथवा**

(ख) माना $\vec{a}, \vec{b}$ और $\vec{c}$ तीन ऐसे सदिश हैं, जिनके लिए $\vec{a} \cdot \vec{b} = \vec{a} \cdot \vec{c}$ और $\vec{a} \times \vec{b} = \vec{a} \times \vec{c}$, $\vec{a} \neq 0$ है। दर्शाइए कि $\vec{b} = \vec{c}$.

25. एक व्यक्ति एक सीधी तार, जिसके सिरों के निर्देशांक A (4, 1, – 2) तथा B (6, 2, – 3) हैं, पर दो लालटेन इस प्रकार लटकाना चाहता है कि ये लालटेन वाले बिंदु तार AB को सम-त्रिभाजित करें। उन बिंदुओं के निर्देशांक ज्ञात कीजिए जिन पर इन दोनों लालटेनों को लटकाना है।

**20.** *Assertion (A) :* Let $A = \{x \in R : -1 \le x \le 1\}$. If $f : A \to A$ be defined as $f(x) = x^2$, then f is not an onto function.

*Reason (R) :* If $y = -1 \in A$, then $x = \pm\sqrt{-1} \notin A$.

## SECTION B

*This section comprises 5 Very Short Answer (VSA) type questions of 2 marks each.*

**21.** Find the domain of the function $f(x) = \cos^{-1}(x^2 - 4)$.

**22.** Surface area of a balloon (spherical), when air is blown into it, increases at a rate of 5 $mm^2/s$. When the radius of the balloon is 8 mm, find the rate at which the volume of the balloon is increasing.

**23.** (a) Differentiate $\dfrac{\sin x}{\sqrt{\cos x}}$ with respect to x.

**OR**

(b) If $y = 5\cos x - 3\sin x$, prove that $\dfrac{d^2y}{dx^2} + y = 0$.

**24.** (a) Find a vector of magnitude 5 which is perpendicular to both the vectors $3\hat{i} - 2\hat{j} + \hat{k}$ and $4\hat{i} + 3\hat{j} - 2\hat{k}$.

**OR**

(b) Let $\vec{a}, \vec{b}$ and $\vec{c}$ be three vectors such that $\vec{a} \cdot \vec{b} = \vec{a} \cdot \vec{c}$ and $\vec{a} \times \vec{b} = \vec{a} \times \vec{c}$, $\vec{a} \neq 0$. Show that $\vec{b} = \vec{c}$.

**25.** A man needs to hang two lanterns on a straight wire whose end points have coordinates A (4, 1, – 2) and B (6, 2, – 3). Find the coordinates of the points where he hangs the lanterns such that these points trisect the wire AB.

## खण्ड ग

*इस खण्ड में 6 लघु-उत्तरीय (SA) प्रकार के प्रश्न हैं, जिनमें प्रत्येक के 3 अंक हैं।*

**26.** 'a' का मान ज्ञात कीजिए जिसके लिए $f(x) = \sqrt{3} \sin x - \cos x - 2ax + 6$, R में ह्रासमान है।

**27.** (क) ज्ञात कीजिए :

$$\int \frac{2x}{(x^2 + 3)(x^2 - 5)} dx$$

**अथवा**

(ख) मान ज्ञात कीजिए :

$$\int_1^4 (|x-2|+|x-4|) \, dx$$

**28.** अवकल समीकरण

$$\left[x \sin^2\left(\frac{y}{x}\right) - y\right] dx + x \, dy = 0$$

का विशिष्ट हल ज्ञात कीजिए, दिया गया है कि $y = \frac{\pi}{4}$ है, जब $x = 1$ है।

**29.** निम्नलिखित रैखिक प्रोग्रामन समस्या (LPP) के लिए अधिकतम वाला/वाले बिन्दु ज्ञात कीजिए।

$Z = 5x + 10y$

निम्न व्यवरोधों के अंतर्गत

$x + 2y \le 120$

$x + y \ge 60$

$x - 2y \ge 0$

$x, y \ge 0$

## SECTION C

*This section comprises 6 Short Answer (SA) type questions of 3 marks each.*

**26.** Find the value of 'a' for which $f(x) = \sqrt{3}\sin x - \cos x - 2ax + 6$ is decreasing in R.

**27.** (a) Find :

$$\int \frac{2x}{(x^2+3)(x^2-5)}\,dx$$

**OR**

(b) Evaluate :

$$\int_1^4 \left(|x-2| + |x-4|\right)\,dx$$

**28.** Find the particular solution of the differential equation

$$\left[x\sin^2\left(\frac{y}{x}\right) - y\right]dx + x\,dy = 0$$

given that $y = \frac{\pi}{4}$, when $x = 1$.

**29.** In the Linear Programming Problem (LPP), find the point/points giving maximum value for $Z = 5x + 10y$

subject to constraints

$$x + 2y \leq 120$$

$$x + y \geq 60$$

$$x - 2y \geq 0$$

$$x, y \geq 0$$

30. (क) यदि $\vec{a} + \vec{b} + \vec{c} = \vec{0}$ है, जिसमें $|\vec{a}| = 3$, $|\vec{b}| = 5$, $|\vec{c}| = 7$ है, तो $\vec{a}$ और $\vec{b}$ के बीच का कोण ज्ञात कीजिए।

**अथवा**

(ख) यदि मात्रक सदिश $\vec{a}$ और $\vec{b}$ के बीच का कोण θ है, तो सिद्ध कीजिए कि $\frac{1}{2}|\vec{a} - \vec{b}| = \sin\frac{\theta}{2}$.

31. (क) एक विद्यार्थी द्वारा एक रंग भरने वाली पुस्तक के खरीदने की प्रायिकता 0·7 और रंगों के बॉक्स को खरीदने की प्रायिकता 0·2 है। उसके एक रंग भरने वाली पुस्तक को खरीदने की प्रायिकता, यह जानते हुए कि उसने रंगों का बॉक्स खरीद लिया है, 0·3 है। प्रायिकता ज्ञात कीजिए कि वह विद्यार्थी :

(i) दोनों, रंग भरने वाली पुस्तक और रंगों का बॉक्स, खरीदती है।

(ii) रंगों का बॉक्स खरीदती है, यह जानते हुए कि उसने रंग भरने वाली पुस्तक खरीद ली है।

**अथवा**

(ख) एक व्यक्ति के पास फलों का एक बॉक्स है जिसमें 6 सेब और 4 संतरे हैं। वह इस बॉक्स से यादृच्छया एक फल, एक-एक करके तीन बार निकालता है, हर बार निकाले गए फल को पुन: बॉक्स में रख दिया जाता है। ज्ञात कीजिए :

(i) निकाले गए संतरों की संख्या का प्रायिकता बंटन।

(ii) यादृच्छिक चर (संतरों की संख्या) की प्रत्याशा।

**30.** (a) If $\vec{a} + \vec{b} + \vec{c} = \vec{0}$ such that $|\vec{a}| = 3$, $|\vec{b}| = 5$, $|\vec{c}| = 7$, then find the angle between $\vec{a}$ and $\vec{b}$.

**OR**

(b) If $\vec{a}$ and $\vec{b}$ are unit vectors inclined with each other at an angle $\theta$, then prove that $\frac{1}{2}|\vec{a} - \vec{b}| = \sin\frac{\theta}{2}$.

**31.** (a) The probability that a student buys a colouring book is 0·7 and that she buys a box of colours is 0·2. The probability that she buys a colouring book, given that she buys a box of colours, is 0·3. Find the probability that the student :

(i) Buys both the colouring book and the box of colours.

(ii) Buys a box of colours given that she buys the colouring book.

**OR**

(b) A person has a fruit box that contains 6 apples and 4 oranges. He picks out a fruit three times, one after the other, after replacing the previous one in the box. Find :

(i) The probability distribution of the number of oranges he draws.

(ii) The expectation of the random variable (number of oranges).

## खण्ड घ

*इस खण्ड में 4 दीर्घ-उत्तरीय (LA) प्रकार के प्रश्न हैं, जिनमें प्रत्येक के 5 अंक हैं।*

**32.** $y = x^2$ का ग्राफ बनाइए। समाकलन के प्रयोग से, $y = 9$, $x = 0$ और $y = x^2$ से घिरे क्षेत्र का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।

**33.** एक फर्नीचर कार्यशाला प्रतिदिन तीन प्रकार के फर्नीचर का उत्पादन करती है – कुर्सी, मेज़ और पलंग। एक खास दिन पर, यह कुल 45 फर्नीचर की वस्तुएँ उत्पादित करती है। यह भी पाया जाता है कि उत्पादित वस्तुओं में, पलंगों की संख्या, कुर्सियों की संख्या से 8 अधिक है, जबकि कुर्सियों और पलंगों की कुल उत्पादन संख्या, मेज़ों की संख्या की दुगुनी है। आव्यूह विधि के प्रयोग से, प्रत्येक प्रकार की फर्नीचर वस्तु की उत्पादित इकाइयाँ ज्ञात कीजिए।

**34.** (क) एक धनात्मक स्थिरांक 'a' के लिए, $\left(t+\frac{1}{t}\right)^a$ के सापेक्ष $a^{t+\frac{1}{t}}$ का अवकलन कीजिए, जहाँ t एक शून्येतर वास्तविक संख्या है।

**अथवा**

(ख) यदि $y^x + x^y + x^x = a^b$ है, जहाँ a और b स्थिरांक हैं, तो $\frac{dy}{dx}$ ज्ञात कीजिए।

**35.** (क) रेखा $\frac{x+2}{5} = \frac{y+1}{2} = \frac{-z+4}{-3}$ पर बिंदु (1, 1, 4) से डाले गए लंब का पाद ज्ञात कीजिए।

**अथवा**

(ख) रेखा $\frac{x-1}{3} = \frac{y+1}{2} = \frac{z-4}{3}$ का वह बिंदु ज्ञात कीजिए जो बिंदु (–1, –1, 2) से $2\sqrt{2}$ इकाई की दूरी पर है।

## SECTION D

*This section comprises 4 Long Answer (LA) type questions of 5 marks each.*

**32.** Sketch a graph of $y = x^2$. Using integration, find the area of the region bounded by $y = 9$, $x = 0$ and $y = x^2$.

**33.** A furniture workshop produces three types of furniture – chairs, tables and beds each day. On a particular day the total number of furniture pieces produced is 45. It was also found that production of beds exceeds that of chairs by 8, while the total production of beds and chairs together is twice the production of tables. Determine the units produced of each type of furniture, using matrix method.

**34.** (a) For a positive constant 'a', differentiate $a^{t+\frac{1}{t}}$ with respect to $\left(t+\frac{1}{t}\right)^a$, where t is a non-zero real number.

**OR**

(b) Find $\frac{dy}{dx}$ if $y^x + x^y + x^x = a^b$, where a and b are constants.

**35.** (a) Find the foot of the perpendicular drawn from the point (1, 1, 4) on the line $\frac{x+2}{5} = \frac{y+1}{2} = \frac{-z+4}{-3}$.

**OR**

(b) Find the point on the line $\frac{x-1}{3} = \frac{y+1}{2} = \frac{z-4}{3}$ at a distance of $2\sqrt{2}$ units from the point (–1, –1, 2).

## खण्ड ङ

*इस खण्ड में 3 प्रकरण अध्ययन आधारित प्रश्न हैं, जिनमें प्रत्येक के 4 अंक हैं।*

### प्रकरण अध्ययन – 1

**36.** एक बढ़ई को चारों ओर से बंद एक लकड़ी का घनाकार बक्सा बनाना है, जिसका आधार वर्गाकार है और आयतन निश्चित है। क्योंकि उसके पास बॉक्स को पेंट करने के लिए आवश्यक पेंट की कमी है, इसलिए वह चाहता है कि पृष्ठीय क्षेत्रफल न्यूनतम हो।

उपर्युक्त सूचना के आधार पर, निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(i) लंबाई = चौड़ाई = x मी. तथा ऊँचाई = y मी. लेकर बक्से के पृष्ठीय क्षेत्रफल (S) को x तथा आयतन (V) (जो स्थिर है) के पदों में व्यक्त कीजिए। *1*

(ii) $\frac{dS}{dx}$ ज्ञात कीजिए। *1*

(iii) (क) यदि पृष्ठीय क्षेत्रफल (S) न्यूनतम है, तो x तथा y में संबंध ज्ञात कीजिए। *2*

**अथवा**

(iii) (ख) यदि पृष्ठीय क्षेत्रफल (S) स्थिर है, तो आयतन (V) = $\frac{1}{4}(Sx - 2x^3)$ है, जहाँ x आधार का एक किनारा है। दर्शाइए कि $x = \sqrt{\frac{S}{6}}$ के लिए आयतन (V) अधिकतम है। *2*

### प्रकरण अध्ययन – 2

**37.** मान लीजिए एक स्कूल के बारहवीं कक्षा के 30 विद्यार्थियों का समुच्चय A है। माना $f : A \rightarrow N$, जहाँ N प्राकृत संख्याओं का समुच्चय है, एक फलन है जिसे f(x) = विद्यार्थी x के रोल नंबर द्वारा प्रदत्त किया गया है।

उपर्युक्त सूचना के आधार पर, निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(i) क्या f एक एकैकी आच्छादक फलन है ? *1*

(ii) (i) के लिए अपने उत्तर के समर्थन में कारण दीजिए। *1*

## SECTION E

*This section comprises 3 case study based questions of 4 marks each.*

### Case Study – 1

**36.** A carpenter needs to make a wooden cuboidal box, closed from all sides, which has a square base and fixed volume. Since he is short of the paint required to paint the box on completion, he wants the surface area to be minimum.

On the basis of the above information, answer the following questions :

(i) Taking length = breadth = x m and height = y m, express the surface area (S) of the box in terms of x and its volume (V), which is constant. *1*

(ii) Find $\frac{dS}{dx}$. *1*

(iii) (a) Find a relation between x and y such that the surface area (S) is minimum. *2*

**OR**

(iii) (b) If surface area (S) is constant, the volume (V) = $\frac{1}{4}(Sx - 2x^3)$, x being the edge of base. Show that volume (V) is maximum for x = $\sqrt{\frac{S}{6}}$. *2*

### Case Study – 2

**37.** Let A be the set of 30 students of class XII in a school. Let f : A → N, N is a set of natural numbers such that function f(x) = Roll Number of student x.

On the basis of the given information, answer the following :

(i) Is f a bijective function ? *1*

(ii) Give reasons to support your answer to (i). *1*

(iii) (क) मान लीजिए R, जोड़े में विद्यार्थियों के बैठने की व्यवस्था की योजना बनाने के लिए शिक्षक द्वारा परिभाषित एक संबंध है, जो निम्नलिखित द्वारा प्रदत्त है :

$R = \{(x, y) : x, y$ विद्यार्थियों के रोल नंबर हैं, जहाँ $y = 3x\}$

R के अवयवों को सूचीबद्ध कीजिए। क्या संबंध R स्वतुल्य, सममित और संक्रामक है ? अपने उत्तर का औचित्य बताइए। 2

**अथवा**

(iii) (ख) मान लीजिए R एक संबंध है जो निम्नलिखित रूप में परिभाषित है :

$R = \{(x, y) : x$ और $y$ विद्यार्थियों के रोल नंबर हैं, जहाँ $y = x^3\}$

R के अवयवों को सूचीबद्ध कीजिए। क्या R एक फलन है ? अपने उत्तर का औचित्य बताइए। 2

## प्रकरण अध्ययन – 3


**38.** एक माली अपने बगीचे में कुछ सब्ज़ियाँ लगाना चाहता है। इसलिए वह बैंगन के पौधों के लिए 10 बीज, पत्तागोभी के पौधों के लिए 12 बीज और मूली के पौधों के लिए 8 बीज खरीदता है। दुकानदार ने उसे बैंगन के अंकुरण, पत्तागोभी के अंकुरण और मूली के अंकुरण की प्रायिकता क्रमश: 25%, 35%, और 40% का आश्वासन दिया। लेकिन इससे पहले कि वह बीज बो पाता, वे एक थैले में मिला दिए गए और उनको यादृच्छया तरीके से बोना पड़ा।



मूली



पत्तागोभी



बैंगन

उपर्युक्त सूचना के आधार पर, निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(i) यादृच्छिक रूप से चुने गए एक बीज के अंकुरित होने की प्रायिकता की गणना कीजिए। 2

(ii) इसकी क्या प्रायिकता है कि यह पत्तागोभी का बीज है, यह जानते हुए कि चुना गया बीज अंकुरित होता है ? 2

(iii) (a) Let R be a relation defined by the teacher to plan the seating arrangement of students in pairs, where

$R = \{(x, y) : x, y$ are Roll Numbers of students such that $y = 3x\}$.

List the elements of R. Is the relation R reflexive, symmetric and transitive ? Justify your answer. *2*

**OR**

(iii) (b) Let R be a relation defined by

$R = \{(x, y) : x, y$ are Roll Numbers of students such that $y = x^3\}$.

List the elements of R. Is R a function ? Justify your answer. *2*

## Case Study – 3


**38.** A gardener wanted to plant vegetables in his garden. Hence he bought 10 seeds of brinjal plant, 12 seeds of cabbage plant and 8 seeds of radish plant. The shopkeeper assured him of germination probabilities of brinjal, cabbage and radish to be 25%, 35% and 40% respectively. But before he could plant the seeds, they got mixed up in the bag and he had to sow them randomly.



Radish



Cabbage



Brinjal

Based upon the above information, answer the following questions :

(i) Calculate the probability of a randomly chosen seed to germinate. *2*

(ii) What is the probability that it is a cabbage seed, given that the chosen seed germinates ? *2*